2. विचाराधीन योजनाएं

नाम	रुपये
1. लिखने पढ़ने की वस्तुओं का उत्पादन	2,94,000
2. जरसी, जुराबें तथा सुवीटर की बुनाई	1,20,000
	4,14,000
कुल जोड़ .	97,79,000
या	97 लाख

(ख) मंजूर की गयी योजनाओं के कार्यान्वित करने का काम हो रहा है या विचाराधीन है।

हिन्दी में प्रश्न

3906. श्री मोलहू प्रसाद :
श्री रवि राय :
श्री महाराज सिंह भारती :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मंत्रालय में प्रयोग में लाये जाने वाले सभी प्रपत्रों प्रोफार्मों तथा लोगों को उनके आवेदन पत्रों के उत्तर में भेजे जाने वाले साहित्य को हिन्दी में प्रकाशित करने के लिये कोई प्रबन्ध किये गये हैं; और

(ख) ये सब फार्म कब तक हिन्दी में प्रकाशित किये जायेंगे ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) और (ख). उपयुक्त अनुदेश जारी कर दिये गये हैं कि नये फार्म और समाप्त होने पर पुराने फार्मों को द्विभाषी रूप में पुनर्मुद्रित कराया जाये । जनता को भेजा जाने वाला साहित्य, जहां भी सम्भव होता है तथा आवश्यक समझा जाता है, हिन्दी में भी भेजा जाता है ।

केन्द्रीय सचिवालय में हिन्दी के उच्चतर पद

3907. श्री मोलहू प्रसाद :
श्री रवि राय :
श्री राम सेवक यादव :
श्री महाराज सिंह भारती :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सचिवालय में हिन्दी अधिकारियों आदि के पदों के लिये संघ लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती करने तथा विभागीय उम्मीदवारों की पदोन्नतियों द्वारा उन पदों को भरने के लिये अलग-अलग कोटा निर्धारित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो विभागीय पदोन्नतियां किस तरीके से की जाती हैं; और

(ग) यदि विभागीय पदोन्नतियां नहीं की जाती, तो उसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी नहीं श्रीमान् ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में काम करने वाले हिन्दी सहायकों, अनुसंधान सहायकों तथा हिन्दी अनुवादकों में से चयन द्वारा केन्द्रीय सचिवालय के हिन्दी अधिकारियों के पदों पर भरती के लिए संघ लोक सेवा आयोग तथा विभिन्न मंत्रालयों के परामर्श से भरती के एक समान आदर्श नियम बनाये जा रहे हैं ।

गृह मंत्रालय में हिन्दी का प्रयोग

3908. श्री रवि राय :
श्री मोलहू प्रसाद :